कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
बागमती प्रमंडल ,सीतामढी
(E-Mail :eebd1s@gmail.com)

अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या–02/2026–2027

पत्रांक –...../ सीतामढी, दिनांक–...../...../2026

बिहार वित्त नियमावली के नियम 143 (i) (ख) के आलोक में बागमती प्रमंडल सीतामढ़ी परिक्षेत्राधीन ढ़ेंग ब्रिज एवं गम्हरिया कॉलोनी के पास Raising, Strengthening of Embankment as per BIS code and new HFL observed in 2024 and Blacktopping with protection work of Bagmati left embankment 0.00 km to 7.27 km, left Afflux embankment 0.00 km to 8.04 km and Right embankment 0.00 km to 9.72 km, DOAB embankment 9.00 km to 10.00 km and Bairganiya Ring Bundh 0.00 km to 6.60 km. कार्य के कियान्वयन के दौरान निकाले गए Salvage Brick -81156 Nos. एवं Brick Bat- 2137 m3 का नीलामी किया जाना है।

इन सामग्रियों का मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधान पर सामूहिक नीलामी "जैसे है उसी स्वरूप में" के आधार पर दिनांक 22.10.2026 को 03:30 बजे अपराह्न में बागमती प्रमंडल, सीतामढ़ी के कार्यालय में की जाएगी, जिसका विवरण निम्न प्रकार है:–

क्र0	नीलामी हेतु वस्तु की विवरणी	दर	नीलामी की न्यूनतम बोली (रू0 में)	सुरक्षित जमा राशि (रू0 में)	नीलामी की तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	ढ़ेंग ब्रिज एवं गम्हरिया कॉलोनी के पास Brick Bat-2137 m3	976/m3	2501637.00	251000.00	22.10.2026
2.	ढ़ेंग ब्रिज एवं गम्हरिया कॉलोनी के पास Salvage Brick 81156 Nos.	5125/1000			

नीलामी की शर्तें:–

1. इच्छुक फर्म/आवेदक दिनांक 16.10.2026 से दिनांक 21.10.2026 तक कार्यालय अवधि में (रविवार एवं अन्य सरकारी छुट्टियों को छोड़कर) सूचना पट्ट पर प्रदर्शित सूची देख सकते हैं।
2. नीलामी सभी Brick Bat एवं Salvage Brick जहाँ है, जो भी है, के आधार पर नीलामी सम्पन्न होगी।
3. नीलामी कार्यपालक अभियंता, बागमती प्रमंडल, सीतामढ़ी के कार्यालय कक्ष में खुली डाक से दिनांक 22.10.2026 के अपराह्न 03:30 बजे की जायेगी।
4. इच्छुक फर्म/आवेदक दिनांक 22.10.2026 के अपराह्न 03:00 बजे तक अपने आवेदन के साथ अग्रधन के रूप में रूपये 251000.00 (दो लाख इक्यावन हजार रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट/डिमांड ड्राफ्ट जो

कार्यपालक अभियंता, बागमती प्रमंडल, सीतामढ़ी के नाम से देय हो, को जमा करना होगा। उसके बाद हीं उन्हें दिनांक 22.10.2026 की नीलामी की प्रकिया में भाग लेने दिया जायेगा।

5. नीलामी में भाग लेने वाले आवेदक/फर्म को बोली जमानत राशि (अग्रधन) के साथ आधार कार्ड, आयकर प्रमाण–पत्र (पैन कार्ड), जी0एस0टी0 एवं घोषणा पत्र Affidavit) के रूप में आवेदन साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. नीलामी में सफल बोलीकर्त्ता को बोली मुल्य का 25% (पच्चीस प्रतिशत) राशि सफल होने की घोषणा के साथ ही नगद या डिमांड ड्राफ्ट द्वारा जमा करना होगा, जो कार्यपालक अभियंता, बागमती प्रमंडल, सीतामढ़ी के पदनाम से देय होगा।
7. नीलामी में सफल बोलीकर्त्ता को नीलामी की शेष राशि बैंक ड्राफ्ट/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में अगले तीन दिनों के अंदर कार्यपालक अभियंता, बागमती प्रमंडल, सीतामढ़ी के कार्यालय में जमा करना होगा। तत्पश्चात अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विमुक्ति आदेश निर्गत किया जायेगा। उक्त अवधि के अंतर्गत नीलामी राशि जमा नहीं करने पर अग्रधन एवं व्याया राशि जब्त कर ली जायेगी।
8. नीलामी में सफल बोलीकर्त्ता को सामग्री की ढुलाई अपने खर्च पर करनी होगी। किसी प्रकार का अतिरिक्त ढुलाई खर्च देय नहीं होगी।
9. विमुक्ति आदेश होने के पश्चात 07 (सात) दिनों के अन्दर सामग्री का संबंधित स्थल से उठाव सुनिश्चित करना होगा। प्रतिदिन विलंब की स्थिति में प्रतिदिन के हिसाब से 1000.00 (एक हजार) रूपये दण्ड किराया देना होगा।
10. नीलामी में सफल बोलीकर्त्ता को विभागीय नियमानुकूल सभी देय करों का भुगतान करना होगा।
11. बिना कारण बताए किसी भी समय नीलामी की प्रकिया रोकने/ रद्द करने एवं अस्वीकार करने का निर्णय अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा तथा उनका निर्णय अंतिम होगां ।
12. विलंब आमंत्रण अर्थात निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली बोली पर विचार नहीं किया जाएगा।
13. नीलामी के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं अवलोकन हेतु कार्यपालक अभियंता, बागमती प्रमंडल, सीतामढ़ी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।
14. नीलामी की प्रकिया में जल संसाधन विभाग या इससे संलग्न/अधीनस्थ किसी भी कार्यालय के सरकारी पदाधिकारी/कर्मी भाग नहीं लेंगे।
15. सोची–समझी साजिश के तहत संघ/समूह बनाकर बोली में भाग नहीं लेना है।
16. असफल बोलीदाता को नीलामी के सात दिनों के बाद आगामी कार्य दिवस में सुरक्षित जमा राशि वापस किया जाएगा।
17. उच्चतम बोलीदाता द्वारा उच्चतम बोली का 18% GST अतिरिक्त जमा करना होगा।

ह0/–

कार्यपालक अभियंता
बागमती प्रमंडल, सीतामढी।

पत्रांक–1362 /सीतामढ़ी, दिनांक–01.10.2026.

प्रतिलिपि :– सूचना एवं जन–सम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, सिंचाई भवन पटना, बिहार को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड एवं विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ हेतु समर्पित।

01/10/26

कार्यपालक अभियंता
बागमती प्रमंडल, सीतामढी।

01.10.2026.